newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ३२ | २८ अगस्त से ३ सितंबर २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## भ्रष्टाचार का ढोल

राज्य और जिला, तहसील स्तर की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। सरकारी विभागों में छोटा से छोटा काम भी बिना रिश्वत के करा लेना बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। भारत में भ्रष्टाचार की जड़ें इस कदर मजबूत होती गई हैं कि उन्हें काटना शायद सरकारों के वश की बात नहीं रह गई है। हर चुनाव में भ्रष्टाचार प्रमुख मुद्दा होता है। जो भी सरकार बनती है वह बढ़-चढ़ कर भ्रष्टाचार समाप्त करने के दावे करती है। मगर हकीकत यह है कि हर वर्ष दुनिया के पैमाने पर भारत में भ्रष्टाचार कुछ बढ़ा हुआ ही दर्ज होता या अपने पुराने पायदान के आसपास मौजूद दिखाई देता है। मौजूदा केंद्र सरकार के अहम वादों और प्रयासों में भ्रष्ठाचार समाप्त करना सबसे ऊपर रहा है। मगर पिछले कुछ समय से जिस तरह नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और दूसरी जांचों की रपटें आ रही हैं, उन्हें देखते हुए स्पष्ठ है कि भ्रष्ठाचार पर काबू पाना इस सरकार के लिए भी चुनौती रहा है। केंद्रीय सतर्कता आयोग यानी सीवीसी की ताजा रपट के मुताबिक पिछले वर्ष केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में एक लाख पंद्रह हजार से अधिक अधिकारियों के खिलाफ अनियमितता की शिकायतें दर्ज हुईं। सबसे अधिक शिकायतें गृह मंत्रालय के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज की गईं। उनमें से करीब आधी शिकायतों का निपटारा हो गया, मगर बाकी अब तक लंबित हैं। उनमें से भी करीब दो तिहाई मामलों का निपटारा तीन महीने से अधिक समय से लंबित है। जबकि नियम के मुताबिक सीवीसी को ऐसी शिकायतों का निपटारा तीन महीने के भीतर कर देना होता है। अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ अनियमितता की शिकायतों के निपटारे में देरी एक अलग मुद्दा है, चिंता की बात यह है कि जिस मंत्रालय पर कानून-व्यवस्था सुधारने की जिम्मेदारी है, उसी में भ्रष्ठाचार की शिकायतें सबसे अधिक दर्ज हुईं।

# मीरा भायंदर का अगला विधायक कौन ? दौड में कई दिग्गज नेता

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। जैसे जैसे जनसंख्या में वृद्धी होती गई वैसे वैसे शहर में राजनेता भी बढते गए. समय सबसे बडा बलवान है. जनता कब किसको सर पर बिठाए और किसको नकार दिए. यह कोई नहीं बता सकता. शहर में कई दिग्गज नेताओं ने राज किया. इसी क्रम में जैसे जैसे २०२४ का चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे वैसे कई दिग्गज नेता अपनी दावेदारी ठोंक रहे है. इसमें कोई दो राय नहीं कि अगला विधायक भारतीय जनता पार्टी का ही बनेगा,परंतु टिकट की दावेदारी को लेकर अलग-अलग कयास लगाया जा रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित रूप से निर्दलीय प्रत्याशी गीता जैन की जीत हुई। इसमें कोई संदेह नहीं कि उन्हें उत्तर भारतीय मतदाताओं का जमकर समर्थन मिला था। समय बीतने के साथ-साथ राजनीतिक समीकरण में भी बदलाव दिखाई दे रहा है। अगले विधानसभा में टिकट पाने की रेस में तीन चेहरे दिखाई देते हैं। एक वर्तमान विधायक गीता जैन का है तो दूसरा चेहरा पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता का है। बीते वर्षों में एड रवि व्यास के रूप में एक नए चेहरे ने मीरा भायंदर के मतदाताओं का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। इसमें कोई दो राय नहीं कि गीता जैन ने विधायक रहते हुए कडी मेहनत की है। अच्छे बैकग्राउंड से आने के बावजूद उत्तर भारतीय मतदाताओं में इस बार उनको लेकर उत्साह नजर नहीं आ रहा है। पिछली बार नरेंद्र मेहता को हराने के लिए उत्तर भारतीयों ने जिस तरह से उन्हें सपोर्ट किया था, अब वह बात दूर-दूर तक नजर नहीं आती। पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता की दावेदारी मजबूत है। बीजेपी के बडे. नेताओं में उनकी गहरी पैठ है। इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि मीरा भायंदर आने वाला देश और प्रदेश का हर बडा नेता नरेंद्र मेहता से मुलाकात किए बिना नहीं जाता। बीजेपी में कद्दावर नेता की छवि के बावजूद आम जनता के बीच उनकी पकड.और लोकप्रियता में काफी कमी आई है। अभी भी वे पिछले चुनाव की ही तरह नेता नंबर दो बने हुए हैं। नवोदित चेहरे के रूप में अपने काम, अपनी विनम्रता, अपने व्यक्तित्व और बेदाग छवि के बल पर खासकर युवा मतदाताओं पर विशेष प्रभाव डालने वाले एडवोकेट रवि व्यास ने जिलाध्यक्ष रहते हुए मजबूत बैटिंग की। नए युवा चेहरों को ना सिर्फ बीजेपी से जोडा अपितु जगह-जगह बीजेपी के नए-नए कार्यालय भी खुलवाए। मोदी ॐ ९ महाजनसंपर्क अभियान में जिस तरह से उन्होंने डोर टू डोर लोगों से संपर्क किया और उनका ध्यान बीजेपी की उपलब्धियां की तरफ आकर्षित किया, उसकी सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की। पार्टी ने भी उनका महत्व समझते हुए उन्हें विधानसभा प्रमुख के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। गुटबंदी की बजाय पार्टी के दिशा निर्देशों के अनुरूप काम करने में विश्वास रखने वाले एडवोकेट रवि व्यास आम आदमी के सबसे प्रिय नेता बन गए हैं।

# क्राइम ब्रांच की कार्यकुशलता से ऑनलाइन धोखाधडी के मामले सुलझे

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड : मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस कमिश्नर की साइबर क्राइम ब्रांच ने जनवरी २०२३ से २० अगस्त २०२३ तक ऑनलाइन धोखाधडी के शिकार हुए लोगों के १ करोड.१ लाख ८ हजार ५७६ रुपए बरामद करने में सफलता पाई है। पुलिस ने सावधानी बरतने की अपील की है, जिससे ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचा जा सके। बता दें कि साइबर संबंधी शिकायतों और साइबर अपराधों की जांच के लिए पुलिस आयुक्तालय की क्राइम ब्रांच के तहत एक साइबर क्राइम सेल की स्थापना की गई है। साइबर क्राइम सेल के पास जनवरी २०२३ से अब तक साढे. सात महीने में ऑनलाइन धोखाधडी की कुल १९५२ शिकायतें प्राप्त हुईं। साइबर क्राइम सेल को जैसे ही ऑनलाइन धोखाधडी की शिकायत प्राप्त हुई, उसी समय तत्काल संज्ञान लिया गया और ६५ शिकायतकर्ताओं को रुपये वापस मिल गए। इसके लिए किसी न्यायिक प्रक्रिया की जरूरत भी नहीं पड़ी, जिसमें सबसे कम राशि ५०० रुपए की ठगी थी। ऑनलाइन धोखाधडी की



शिकायत में सबसे ज्यादा रकम क्रिप्टो निवेश (३९५९६) के नाम पर ३६ लाख रुपये की ठगी थी, जिसे वसूल कर लिया गया। साइबर क्राइम सेल ने इससे पहले भी शिकायतकर्ता को वर्ष २०२२ में ऑनलाइन धोखाधडी की राशि ९१ लाख १४ हजार ८३३ रुपये की वसूली की थी। साइबर क्राइम सेल को प्राप्त होने वाली शिकायतों में ऑनलाइन धोखाधडी के संबंध में मुख्य रूप से निम्न प्रकार की शिकायतें प्राप्त होती हैं। जैसे बिजली बिल अपडेट, बैंक एकाउंट केवाईसी, गूगल सर्च, वर्क फ्रॉम होम, टास्क, शॉपिंग, फ्रॉड लोन ऐप, फर्जी क्रिप्टो करेंसी आदि जैसे अलग-अलग मैसेज भेजकर ठगी की जाती है। मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे ने क्षेत्र में रहने वाले सभी नागरिकों से अपील की है कि वे ऑनलाइन लेनदेन करते समय सतर्क रहें, क्योंकि आपके साथ ऑनलाइन धोखाधडी कभी भी हो सकती है। साथ ही ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करते वक्त आपके साथ धोखाधडी होती है तो तुरंत हेल्पलाइन १९३० पर संपर्क करके तत्काल शिकायत दर्ज करें। सावधानी बरतें नहीं तो एकाउंट साफ होने में समय नहीं लगेगा। तुरंत कार्रवाई होने पर धोखाधडी की रकम को रोकने और शिकायतकर्ता के खाते में पैसे वापस आने की संभावनाएं ज्यादा होती है।

## प्रताप फाउंडेशन ने मनाया जश्न चंद्रयान की सफलता पर



भायंदर। भारत के लिए यह दिन बहुत ही गौरवशाली और ऐतिहासिक रहा। भारत द्वारा प्रक्षेपित विक्रम लैंडर (चंद्रयान ३) ने जैसे ही चंद्रमा की सतह को स्पर्श किया, पूरा देश झूम उठा। मीरा रोड के शांति पार्क परिसर में शिवसेना ने प्रताप फाउंडेशन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ शिवसेना युवा नेता विक्रम प्रताप सिंह के नेतृत्व में , तिरंगे के साथ जश्न मनाया। इस अवसर पर शिवसेना के जिला प्रमुख राजू भोईर, प्रताप फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष विद्याशंकर चतुर्वेदी और ब्रिसेन सिंह (शिवा) विशेष रूप से उपस्थित रहे। पत्रकारों से बात करते हुए विक्रम प्रताप सिंह ने कहा कि भारत की इस कामयाबी से देशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा हुआ है। उन्होंने इस कामयाबी के लिए भारत के वैज्ञानिकों को बधाई दी।

# पुलिस कांस्टेबल की डॉक्टर बिटिया ने किया मिरा भाईंदर का नाम रोशन

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय के नवघर पुलिस स्टेशन में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत गौतम तोत्रे की बेटी श्वेता रशिया के कांट बालटिक फेडरल यूनिवर्सिटी कालीनिनग्राड से एमबीबीएस और एमडी फिजीशियन की डिग्री हासिल कर मीरा-भायंदर सहित महाराष्ट्र और देशभर को गौरवान्वित किया है। बता दें कि श्वेता गौतम तोत्रे एमबीबीएस, एमडी. फिजीशियन की परीक्षा में ८० प्रतिशत अंकों के साथ ए ग्रेड की डिग्री हासिल कर डॉक्टर बनी हैं। श्वेता का सम्मान नवघर पुलिस स्टेशन के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक विजय पवार ने किया, जहां उनके पिता कार्यरत हैं। श्वेता ने बताया कि जब मेरिट सूची में उनका नाम आया, तब उनके पिता कांस्टेबल थे। उनकी इतनी आय नहीं थी कि वे उन्हें विदेश में



पढ़ा सकें। उनका हौसला उनकी मां ने बढ़ाया, उनकी जिद थी कि उनकी होनहार बेटी विदेश में जाकर पढ़ाई करे। श्वेता के अनुसार, बेहद विपरीत परिस्थितियों में उन्हें पढ़ाई करना पड़ा, प्रैक्टिकल परीक्षा को पूरा महत्व देते हुए इस परीक्षा में सफल होना मुश्किल था। कोविड संक्रमण के दौर में जब पूरी दुनिया परेशान थी, विदेश में पढ़ाई और प्रैक्टिकल पूरा करना तथा जर्नल सबमिशन चुनौतीपूर्ण था। लॉकडाउन के दौरान तमाम छात्र परेशान थे, खाने-पीने का अभाव था, ऐसी विपरीत परिस्थिति में लक्ष्य पूरा करना किसी चैलेंज से कम नहीं था। माता-पिता और रिश्तेदारों का समर्थन और साथी सहपाठियों ने उनका मनोबल नहीं टूटने दिया। वरिष्ट पुलिस निरीक्षक विजय पवार ने कहा कि बेटियां घर की लक्ष्मी हैं, साथ ही वे अब सभी क्षेत्रों में देश का गौरव बढ़ा रही हैं। देश की बेटियां सेना में हैं, पॉयलट बन कर देश की रक्षा कर रही हैं। इसलिए सभी को अपनी बेटियों का मनोबल बढ़ाना चाहिए तथा वे जिस क्षेत्र में जाना चाहें, उनका पूरा सहयोग करना चाहिए।

# स्वप्नील सावंत पर किसका दबाव

**क्या स्वप्नील सावंत पर किसी प्रकार का पॉलिटिकल दबाव बनाया जा रहा है. या वो खुद ही कारवाई नहीं करना चाहता**

मीरारोड : मीरा भाईंदर महानगरपालिका प्रभाग क्र. ५ के अंतर्गत आनेवाले क्षेत्र में पुनम सागर में स्थित बिस्टाँग जीम कई सालों से अवैध तरीके से बनाई गई है. इस जीम को देखकर लगता है कि कभी भी प्रभाग अधिकारी प्रशासन की नजर नहीं पड़ी है. जबकि पहले प्रभाग कार्यालय ५ पुनम सागर में बीस्टाँग जीम के काफी करीब था बावजुद इस अवैध तरीके बनाई गई जीम पर इतने सालों में कोई



कारवाई नहीं की गई और ना ही किसी प्रकार का कोई नोटीस जारी किया गया. हमारी टीम जनकल्याण सेवा की ओर से प्रभाग अधिकारी स्वप्नील सावंत को इस अवैध जीम के बारे में अवगत कराया गया उसके बावजूद भी आज तक सहायक आयुक्त स्वप्नील सावंत की ओर से किसी भी प्रकार की कोई कारवाई नहीं की गई है. क्या स्वप्नील सावंत पर किसी प्रकार का पॉलिटिकल दबाव बनाया जा रहा है. या वो खुद ही कारवाई नहीं करना चाहता. क्या कारण है जनता जानना चाहती है. इस प्रकार के अवैध तरीके से किए गए बांधकाम पर कारवाई क्यों नहीं हो रही है. कारवाई होगी भी या नही ऐसा जनता का कहना है. पुनम सागर में स्थित बिस्टाँग जीम किसी पॉलिटिकल व्यक्ती की उपस्थिती में चल रहा है. अब देखना यह है कि प्रभाग अधिकारी चुप्पी साधे क्यों बैठे है. अगर कारवाई नहीं होती है तो जनकल्याण की टीम जनता के साथ आंदोलन करेगी.

# सामाजिक संस्था ने मूक जीवों पर होनेवाले अत्याचारों से पुलिस को किया अवगत

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : भायंदर के जेसल पार्क चौपाटी पर पुलिस चौकी के निकट दो दिन पहले एक गाडी ने वहां बैठे एक कुत्ते को कुचल कर मार डाला। उस गाडी में एक महिला और पुरुष बैठे हुये थे। लोग चिल्लाने लगे तो वे गाड़ी खड़ी कर दिये तथा उन्होंने वहां पडे.खून को साफ किया और कुत्ते को गाडी में ही डालकर लेकर चले गए। इस प्रकार एक मूक पशु को गाडी से कुचलकर मारना अत्यंत क्रूर कृत्य है। आखिर मूक पशुओं को भी जीने का अधिकार है। जेसल पार्क चौपाटी कल्याण समिति द्वारा सीसीटीवी कैमरे से उसकी फुटेज



निकलवाई गई,जिसमें निरीह कुत्ते को कुचलने वाले गाडी में दिखाई दे रहे हैं। गाड़ी एक महिला चला रही थी। इस संदर्भ में समिति के अध्यक्ष डॉ. एम. एल. गुप्ता ‘आदित्य‘, महासचिव डॉ. नरेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष भरत अग्रवाल, संयुक्त सचिव सुशील पोद्दार तथा सदस्य किशोर गुप्ता, रूपा सोनी, हर्षा और स्थानीय समाजसेवक जोरावर सिंह गोहिल तथा रथिन दत्ता ने नवघर पुलिस स्टेशन में पुलिस सहायक आयुक्त उमेश पाटील और वरिष्ट पुलिस निरीक्षक विजय पवार से मुलाकात करते हुए उन्हें लिखित शिकायत दी। उन्होंने मांग की कि इस मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये। साथ ही मूक जीवों पर होने वाले ऐसे अत्याचारों को गंभीरता से लेने का अनुरोध भी किया। विगत दिनों जेसल पार्क चौपाटी पर एक और दर्दनाक घटना देखी गई थी जिसमें कई सूअर मरे हुए पाए गए थे। जिसमें उन्हें कुछ खिलाकर मारे जाने की आशंका व्यक्त की गई थी। वरिष्ट पुलिस निरीक्षक विजय पवार ने भरोसा दिलाया कि जांच कर ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जायेगा।

# श्रीजी इपिसी प्रा. लि. के ठेकेदार को लगा ४५ लाख का जुर्माना

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा-भायंदर शहर में अवैध मिट्टी भराव और मैंग्रोज नष्ठ करने वालों पर प्रशासन मेहरबान होने के आरोप लगते रहे हैं. ऐसे ही एक प्रकरण में आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा लगातार १० महीने में ११ शिकायत और स्मरण पत्र देने के बाद तहसीलदार कार्यालय ने एक ठेकेदार पर मिट्टी भराव की रॉयल्टी अनुमति लिए बिना सडक़ बनाने के मामले में करीब ४५ लाख रुपए का दंड लगाया है. बता दें कि मीरा-भायंदर महानगरपालिका के सार्वजनिक बांधकाम विभाग ने २२ अगस्त २०२२ को भायंदर पश्चिम में शुभम आर्केड से माहेश्वरी भवन तक १८ मीटर के रोड को बनाने का कार्यादेश मे. श्री.जी. इपिसी प्रा.लि. को जारी किया था. उस कार्यादेश में स्पष्ठ रूप से उल्लेख किया गया था कि रॉयल्टी की अनुमति लेकर मिट्टी भराव व सडक़ निर्माण करें. आरटीआई कार्यकर्ता कृष्ण गुप्ता ने मीरा-भायंदर के तत्कालीन अपर तहसीलदार नंदकिशोर देशमुख को पत्र लिखकर १४ अक्टूबर २०२२ को यह शिकायत किया कि संबंधित ठेकेदार ने कम रॉयल्टी भरकर अधिक गौण खनिज का भराव किया है. इसकी जांच कर ठेकेदार से दंड वसूल की जाए. गुप्ता के प्रयासों से भायंदर तलाठी सपना चौरे ने उक्त सडक़ निर्माण में ४२४ ब्रास मिट्टी भराव किए जाने की जांच रिपोर्ट १४ दिसंबर २०२२ को अपर तहसीलदार को सौंप दी थी. इस पर मीरा-भायंदर के अपर तहसीलदार न्यायालय में ११ अगस्त २०२३ को सभी पक्षों की सुनवाई हुई, जिसमें मे. श्री. जी इपीसी प्रा.लि. की तरफ से व्यवस्थापक आनंद खाकरिया द्वारा इस प्रकरण में दिए गए खुलासे को अमान्य कर दिया गया और ७ दिनों के अंदर दंड सहित ४४ लाख ९४ हजार ४०० रुपए सरकारी खजाने में जमा करने का आदेश दिया गया.महसूल विभाग के अनदेखी के कारण रॉयल्टी चोरी के मामले में सरकार को रोज चूना लगाया जा रहा है. मीरा-भायंदर तहसीलदार कार्यालय को १० महीने में ११ स्मरणपत्र शिकायत देने के बाद जाकर संबंधित ठेकेदार को करीब ४५ लाख रुपए का दंड लगाया गया है, यह मामला इसका उत्तम उदाहरण है.

# तुलसी जयंती के अवसर भजन पाठ व सुंदर कांड आयोजन



ठाणे: मानस प्रयास द्वारा आयोजित गोस्वामी तुलसीदास जयंती उत्सव २०२३ ठाणे में संपन्न हुआ। कार्यक्रम परम वीतरागी जगद्गुरु रामानुजाचार्य गुप्तेश्वर महाराज (पूर्व डीजीपी – बिहार) की उपस्थिति में संपन्न हुआ। तुलसी जयंती के अवसर पर ठाणे पश्चिम के मां कृपा बैंक्वेट हॉल में सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचविभुतियों का सम्मान किया गया, जिसके अंतर्गत मानस विवेकश्री गुप्तेश्वरजी महाराज, मानस समाजश्री केपी मिश्र, मानस सेवाश्री सुशील कुमार इंदोरिया, मानस साहित्यश्री अभय मिश्र और मानस उद्योगश्री मनोज सिंह को सम्मान देकर उनको सम्मानित किया गया। विशेष विशेष अतिथियों में स्थानीय भाजपा नेता संजय वाघुले, भाजपा–मुंबई के उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी, भाजपा–मुंबई के प्रवक्ता उदय प्रताप सिंहजी, आरटीआई एक्टिविस्ट अनिल गलगली, नगरसेवक भरत चव्हाण, नगरसेवक एकनाथ भोईर, नगरसेवक दिलीप बारटक्के, राजाभाऊ गवारी, समाजसेवी पंकज मिश्र, सुरेंद्र उपाध्याय, केडी सिंह, वरिष्ट समाजसेवी पं दुर्गाप्रसाद पाठक, पं विदेह महाराज जी, शंभूनाथ मिश्र, प्रसिद्ध गायक सुरेश शुक्ल आदि मान्यवरों की उपस्थिति रही। संस्था की आयोजन समिति के कमलेश मिश्रा, अरुण शुक्ल, अजेय मिश्रा, अनिल मिश्रा, दयाशंकर शुक्ल, सुरेश मिश्रा, पंकज सिंह, सुनिल मिश्रा, उदय पांडे, राजेश पांडेय, सचिन दुबे , नरेंद्र शुक्ल , शिवसागर मिश्र , संजय मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया।

# मीरा–भाईंदर में अब वाहन टोइंग से पहले अनाउंसमेंट

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा–भाईंदर: ट्रैफिक विभाग मीरा–भाईंदर नो पार्किंग में खडे.दोपहिया वाहनों को टो करने से पहले उन्हें हटाने का अनाउंसमेंट नहीं करता था । अव पिछले २ दिन से अनाउंसमेंट शुरू कर दिया गया है, जिससे लोगों की परेशानी कम हुई है। अब लोग अपने वाहनों को सडक़ से हटा रहे हैं। वाहन टो करने से पहले नियमानुसार अनाउंसमेंट होना चाहिए, लेकिन ऐसा होता नहीं है। खबर का संज्ञान लेते हुए ट्रैफिक विभाग ने यह प्रक्रिया शुरू कर दी है। ट्रैफिक विभाग के प्रमुख देविदास हंडोरे ने बताया कि टोइंग करने वाली सभी गाडिय़ों को अनाउंसमेंट के लिए सूचित कर दिया गया है। शहर में गाडिय़ों की पार्किंग की समस्या लगातार बनी हुई है। गाडिय़ों की टोइंग के कारण सबसे ज्यादा परेशानी सार्वजनिक स्थानों जैसे अस्पताल, मेडिकल स्टोर, शॉपिंग मॉल, तहसीलदार कार्यालय आदि जगहों पर हो रही थी। मामले की गंभीरता के मद्देनजर विधायक गीता जैन, वीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि व्यास ने पुलिस प्रशासन को इस बारे में ज्ञापन भी दिया था। इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित करने के लिए जैन और व्यास सहित कई सामाजिक संगठनों ने एनवीटी का आभार प्रकट किया है। भाईंदर (पश्चिम) में डी–मार्ट, मीरा रोड में स्टार बाजार जैसे कई शॉपिंग मॉल में पार्किंग की जगह होने के वावजूद वहां गाडिय़ों की पार्किंग नहीं होती है। डी–मार्ट ने तो पार्किंग की जगह को गोदाम बना दिया है। प्रशासन ने अब इन जगहों पर पार्किंग उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इस पर सख्ती से पालन का निर्देश दिया है



# भाईंदर में मनसे का हल्लाबोल

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर. नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैदान के पास अवैध रूप से पार्किंग में खडी लग्जरी बसों की तोडफ़ोड.क़रने वाले मनपा कर्मचारी संगठन मनसे के शहर अध्यक्ष हरेश सुथार सहित ६ कार्यकर्ताओं को भायंदर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पिछले वर्ष उक्त परिसर में अवैध रूप से पार्किंग की गई बाहर की लग्जरी बस में एक चार वर्षीय लडक़ी के साथ दुराचार के हैवानियत की घटना घटित हुई थी. उसके बाद वहां पार्किंग की जाने वाली बसों का कडा विरोध किया गया था.








# अवैध इमारतों को बिजली कनेक्शन ! कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं अधिकारी


ठाणे : ठाणे मनपा प्रशासन कोर्ट के आदेश के बाद अवैध इमारतों पर कार्रवाई कर रहा है। लेकिन उन्हीं अवैध इमारतों को महावितरण के कुछ अधिकारी सांठ–गांठ करके अवैध रूप से बिजली कनेक्शन देने की कोशिश कर रहे हैं। इस बात का खुलासा होने के बाद शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के ठाणे उपजिलाप्रमुख संजय घाडीगांवकर ने महावितरण को पत्र भेजकर अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। महावितरण के ठाणे सर्कल अधीक्षक अभियंता को लिखे गए पत्र में घाडीगांवकर ने कहा है कि न्यायालय के आदेश अनुसार, अवैध इमारतों को बिजली का कनेक्शन देना गलत है। इसलिए अवैध इमारतों को बिजली कनेक्शन नहीं देने का आदेश न्यायालय ने दिया है। इसके बावजूद न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए महावितरण के कुछ अधिकारियों द्वारा ठाणे में अवैध इमारतों को बिजली कनेक्शन दिया जा रहा है। उन्होंने पत्र में आगे कहा है कि महावितरण के कार्यकारी अभियंता सतीश जाधव अवैध इमारतों को बिजली कनेक्शन देने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं उन्होंने मांग की है कि अन्य किसी भी निर्माणाधीन अवैध इमारत को बिजली कनेक्शन नहीं दिया जाना चाहिए, जिसके विरुद्ध ठाणे मनपा कानूनी कार्रवाई कर रही है। संजय घाडीगांवकर ने बताया कि एमआरवीवी कंपनी द्वारा नियुक्त अन्य निजी संस्थाओं को इस संबंध में जानकारी दी जाए अन्यथा एमआरवीवी कंपनी के विरुद्ध उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना याचिका दायर करने की कार्रवाई की जाएगी तथा अधीक्षक अभियंता और संबंधित अधिकारी परिणामों के लिए जिम्मेदार होंगे, ऐसी चेतावनी भी दी। घाडीगांवकर ने यह भी कहा कि सभी संबंधित मामलों की जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए।














# लड़कियों को परेशान करनवाले दोना भाई पुलिस के हत्थे चढ़े

वसई, अर्नाला पुलिस ने ग्रामीणों के हंगामे के बाद नाबालिग लडकियों की अश्लील वीडियो और फोटो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करने वाले पुलिसकर्मी के बेटों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं. बताया जा रहा है कि आरोपी का नाम जीत निजाई व यश निजाई हैं. दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं. उसके पिता मुंबई पुलिस में तैनात हैं. पीडित़ लडकियों द्वारा आरोप लगाया जा रहा हैं कि ३ वर्ष पूर्व भी आरोपी ने इसी प्रकार की गंदी हरकत की थी, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर तो किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की. पीडित़ लडकियों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि यदि ३ वर्ष पूर्व दर्ज एफआईआर पर पुलिस ने कार्रवाई की होती तो आज इस घटना की पुनरावृति नहीं होती, लेकिन उस वक्त पुलिस ने उसे नाबालिग बताते हुए आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी. इस मामले को लेकर कलंब गांव में तनाव का माहौल व्याप्त हैं. बताया जा रहा है कि आरोपी जीत निजाई क्षेत्र की लडकियों को फेसबुक, इंस्टाग्राम व वाट्सएप के माध्यम से फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर उनसे अश्लील चैटिंग करता था और ब्लैकमेल कर उनके साथ शारीरिक संबंध भी बनाने का प्रयास करता था. एक पीडित़ लडक़ी के परिवार को इसकी जानकारी हुई तो परिजन पूछताछ के लिए गए थे. उस दौरान आरोपी के घर में मौजूद आरोपी के बडे. भाई ने उनके साथ बातचीत करने के बजाय उन लोगों की पिटाई कर दी. अर्नाला पुलिस स्टेशन के वरिष्ट पुलिस पुलिस निरीक्षक कल्याण करपे ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने जीत निजाई और यश निजाई नामक २ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हैं. कार्रवाई की जा रही है.











































# विश्व चैंपियनशिप शूटिंग में जीता कांस्य पदक, १०१ देशों के १२४९ निशानेबाजों ने लिया था हिस्सा

जेकेएस संवाददाता



भायंदर : मीरा-भायंदर पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत भायंदर पुलिस थाने में तैनात निशानेबाज पुलिस सब-इंस्पेक्टर राजेंद्र रवींद्र बागुल ने बाकू, अजरबैजान में चल रही विश्व शूटिंग चैम्पियनशिप में २५ मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में टीम को कांस्य पदक दिलाया है. जर्मनी की टीम १७४३ अंकों के साथ स्वर्ण पदक और कोरिया की टीम को १७३१ अंकों के साथ रजत पदक मिला. भारतीय टीम ने १७१८ अंक हासिल कर कांस्य पदक हासिल किया. १४ अगस्त से १ सितंबर २०२३ तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के १०१ देशों के १२४९ निशानेबाजों ने हिस्सा लिया है. राजेंद्र पहले भी २५ मीटर, ५० मीटर और १० मीटर पिस्टल स्पर्धा में राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक हासिल किए हैं. लगातार अभ्यास और वरिष्टजनों के प्रोत्साहन के कारण राजेंद्र बागुल ने भारतीय टीम में स्थान हासिल किया था. उन्होंने अपनी पहली ही अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर भारत के लिए पदक जीता. बागुल २०२० में पुलिस उप-निरीक्षक के रूप में महाराष्ट्र पुलिस में शामिल हुए थे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने और पदक प्राप्त करने वाले महाराष्ट्र पुलिस बल के पहले निशानेबाज बन गए हैं.







































माजी एमएलसी श्री मुजफ्फर हुसैन का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया. यह जन्मदिन एस के स्टोन पुलिस चौकी के पिछे सेंट्रल पार्क लॉन में मनाया गया. मुजफ्फर हुसैन ने अपना ५७ वा जन्मदिन अपने परिवार व कार्यकर्ता, समाजसवेक, मिरा भाईंदर महानगरपालिका के अधिकारी, शिवाजी पानपट्टे, रवि पवार, दिपक खांबित, व आम जनता उपस्थित थे. इस अवसर पर मुजफ्फर हुसैन के कार्यों के बारे में बताया गया व जन्मदिन पर आए मेहमानों का अभार प्रकट किया और बड़े बुढों का आशिर्वाद लिया.








# ऑनलाइन ठगी करनेवाले की धरपकड

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : काशीमीरा परिसर में रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा रस्क डेस्क ऐप डाउनलोड करने पर ९३ हजार रुपए की चपत लग गई। वह ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। साइबर क्राइम सेल की सतर्कता से उस व्यक्ति की ठगी हुई रकम वापस मिल गई है। विगत एक वर्षों में ऑनलाइन ठगी के मामलों में ३०% की वृद्धि हुई है। मीरा-भायंदर, वसई - विरार पुलिस आयुक्तालय के काशीमीरा पुलिस थाने अंतर्गत निवासी अजय मला ऑनलाइन ट्रेन की टिकट बुक कर रहे थे, लेकिन उनका ट्रेन टिकट बुक नहीं होने पर भी उनके बैंक अकाउंट से १६२७ रुपये निकल गए। यह रकम वापस पाने के लिए गूगल से उन्हें फोन आया और कहा गया कि रस्क डेस्क ऐप डाउनलोड करो। उस ऐप के माध्यम से आपकी रकम वापस मिल जायेगी। अजय ने जैसे ही ऐप डाउनलोड किया वैसे ही उनके बैंक खाते से क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ९३ हजार रुपए निकाल लिए गए। जिसकी शिकायत अजय ने साइबर क्राइम सेल में की थी। साइबर क्राइम सेल ने शिकायत पर तुरंत संज्ञान लिया और शिकायतकर्ता के लेनदेन के बारे में प्राप्त जानकारी के आधार पर जांच शुरू की। तब पता चला की ठगी हुई रकम से राज सेफ गोल्ड पे टीएम के माध्यम से खरीदारी की गई है। साइबर क्राइम सेल ने तुरंत पत्र व्यवहार और प्रयास कर ठगी की रकम रोक दी। जिसे अजय के बैंक खाते में पुन: जमा कराई गई। ईसी प्रकार के एक अन्य मामले में क्रेडिट कार्ड अपडेट के नाम पर ३१,९९९ की ठगी का मामला सामने आया है। भायंदर निवासी रितुजा नामक महिला को फ्लिकार्ट एक्सिस से बोल रहा हूं। इस प्रकार का फोन कर केर्डिट कार्ड अपडेट के नाम पर अज्ञात व्यक्ति ने झांसे में लेकर बैंक खाते की ओटीपी प्राप्त कर ली और ३१,९९९ रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली। जब यह मामला पुलिस के सामने आया तो उपायुक्त अपराध अविनाश अंबुरे तथा अमोल मांडवे तथा सहायक पुलिस आयुक्त के मार्गदर्शन में साइबर के पुलिस निरीक्षक सुजीत कुमार गूंजकर तथा सहायक पुलिस निरीक्षक स्वप्निल वाह्वल ने जांच कर मूल रकम को खाते में वापिस लाने में सफलता प्राप्त की है। मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय न नागरिकों को सूचित किया है कि इस तरह से धोखाधडी करना कानूनन अपराध है।












# पुलिस ने जाल बिछाकर गुटखा व्यापारी को धरदबोचा




मीरारोड : एक सक्रिय समाज सेवक की सूचना पर काशीमीरा पुलिस ने १३ लाख रुपए मूल्य के प्रतिबंधित गुटखा सहित १ मिनी टेंपो को जप्त किया है, टेंपो के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। काशीमीरा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मीरारोड निवासी सक्रिय समाज सेवक रामसागर यादव ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी थी कि टाटा कंपनी की १ मिनी टेंपो क्रमांक एम एच ०४ के एफ ६९५६ नंबर की गाडी से महाराष्ट्र में प्रतिबंधित गुटखा विक्री के लिए लाई जा रही है। पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे व अपर पुलिस आयुक्त श्रीकांत पाठक के आदेश पर काशीमीरा पुलिस थाने के उपनिरीक्षक गायकवाड.ने जाल बिछाकर उक्त टेंपो को कब्जे में लिया ।टेंपो की जांच करने पर उसमें १३ बडे.गोनी और ६ छोटे गोनी में प्रतिबंधित गुटखा भरा हुआ पाया गया। जिसकी कीमत १३ लाख ७३ हजार ४९५ रुपए और २ लाख मूल्य की मिनी टेंपो ऐसे कुल १५ लाख ७३ हजार ४९५ रुपए कीमत की सामग्री जप्त की गई है। मिनी टेंपो के ड्राइवर अर्जुन तिवारी (३२ )को गिरफ्तार किया गया है। काशीमीरा पुलिस मामले की जांच कर रही है।










संपर्क करें
मैडम मनीषा से 8898253578
पता: मीरा रोड सेक्टर-५, शांति नगर, सी/१४, ग्रा. फ्लोर रूम नंबर ००१, अनुभव सीएचएस लिमिटेड, शिव सेना कार्यालय के पास, मेरा रोड (ई) ठाणे - ४०११०७


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI